27/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान कर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में वोटिंग का दशकों पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले चार दशकों से कश्मीर में शटडाउन और हड़तालों के बीच कम मतदान हुआ और देश के दुश्मनों ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर की राय के रूप में प्रचारित किया। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी ने ऐसी सभी ताकतों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि देश में छह दशकों के बाद पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है और लोग जानते हैं कि केवल यही सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है। जो इसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।
अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि दस साल में देश 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

0000000000000000000000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपियों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया।

नीट-यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की अधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई के कार्यालय पहुंची और इस मामले में जांच शुरू की।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू की मां लेकी जांगमू का कल दोपहर नाहरलागुन स्थित तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह करीब पचहत्तर साल की थीं। उनके परिवार में दो बेटे और आठ पोते-पोतियां और दो बहुएं हैं। उनके पति दिवंगत मुख्यमंत्री दोरजी खांडू का दो हजार ग्यारह में निधन हो गया था। आज सुबह मुख्यमंत्री के आवास से अंतिम संस्कार के लिए उनका पार्थिव शरीर तवांग ले जाया गया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत एक सौ सड़सठ गांवों के लिए एक सौ तेतीस करोड़ रुपये से अधिक की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के लिए वितरण सुधार समिति की तीसरी बैठक में समिति ने राज्य में बिजली वितरण बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए डीपीआर की सिफारिश की और उसे मंजूरी दे दी। डीपीआर को मंजूरी के लिए आगामी राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने की।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चिकित्सा मूल्यांकन एवं रेटिंग बोर्ड ने नाहरलागुन स्थित तोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज की एमबीबीएस सीटों को मौजूदा 50 सीटों से बढ़ाकर 100 सीटें कर दी हैं। बोर्ड ने ट्रिम्स के प्रिंसिपल को लिखे पत्र में बताया कि बोर्ड ने बैंक गारंटी के सत्यापन के अधीन शैक्षणिक वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के लिए एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के उनके आवेदन पर विचार किया है।

0000000000000000000000

बोरडुमसा के जवाहर नवोदय विद्यालय छात्रावास में कक्षा 8 के कुल पंद्रह छात्रों के ऊपर सीनियरों द्वारा कथित रूप से हमला किया गया। प्रिंसिपल राजीव रंजन ने बताया कि स्कूल प्रशासन ने मंगलवार को हुई घटना में कथित रूप से शामिल कक्षा 11 के पांच सीनियर छात्रों को निलंबित कर दिया है। घटना के संबंध में पुलिस ने भी शिकायत दर्ज की है। घायल छात्रों को अस्पताल ले जाया गया। प्रिंसिपल राजीव रंजन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की बैठक बुलाई और पांच सीनियर छात्रों को कक्षा 8 के छात्रों को शारीरिक नुकसान पहुंचाने और मानसिक आघात पहुंचाने का दोषी पाया।

00000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने कहा है कि चक्रवाती हवाओं के कारण अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर क्षेत्र के और मेबो क्षेत्र में बहुत तेज़ बारिश हो सकती है। इसके प्रभाव से पापुम पारे जिले में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने के साथ व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने यह भी कहा कि आज पहले पहर में ईटानगर और ईस्ट सियांग के मेबो में क्रमशः बावन मिलिमीटर और बासठ मिलिमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम विज्ञान केंद्र इटानगर ने कल सुबह तक पापुमपारे, ईस्ट सियांग, लेपा रादा और लोअर दिबांग वैली जिले में मध्यम बाढ़ के खतरे की भी आशंका जताई है।

0000000000000000000000

आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से होगा। यह मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा है। विश्वकप का फाइनल मुकाबला शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।वहीं, आज सुबह खेले गए पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया। अब शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना आज होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

0000000000000000000000